## सार-समाचार

### जिला खण्डेलवाल वैश्य महासमिति के चुनाव 9 नवम्बर को

**भरतपुर ( निस )।** जिला खण्डेलवाल वैश्य महासमिति जिला भरतपुर-डीग के चुनाव व्यवस्थाओं के संबंध में जिला संयोजक नैमचंद खंडेलवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक की जानकारी देते हुए संगठन के चुनाव अधिकारी अशोक रावत ने बताया कि जिलाध्यक्ष के द्विवार्षिक चुनाव हेतु सदस्यता ग्रहण करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2025 तय की गई है। चुनाव प्रक्रिया 9 नवम्बर 2025 को प्रातः 9 बजे से प्रारम्भ होकर सांय 7 बजे तक खंडेलवाल धर्मशाला खिरनी घाट भरतपुर में पूर्ण होगी। बैठक में सह चुनाव अधिकारी भगवान सहाय, जिला महामंत्री संदीप गांधी, समिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष संतोष खंडेलवाल, नदबई अध्यक्ष उमेश पाटौदिया ने अपने विचार रखे। संचालन जिला महामंत्री संदीप गांधी द्वारा किया गया।

### तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 3.0 का शुभारम्भ

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर जिला कलक्टर कमर उल जमान चौधरी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के अंतर्गत शुभारम्भ किया। कलक्टर कमर उल जमान चौधरी ने कहा कि तंबाकू सेवन से न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है,बल्कि यह समाज और परिवार पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देनी होगी। उन्होंने सभी विभागों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 गौरव कपूर ने बताया कि तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं समुदाय स्तर पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ, रैलियाँ एवं वाद.विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की करवाये जाने है। उन्होंने बताया कि टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 की 60 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत जिले में तम्बाकू निषेध गतिविधियों के साथ ही जन जागरूकता कैम्पेन आदि गतिविधियो का आयोजन किया जाना है, साथ ही अभियान में कोटपा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रतिबंधित स्थानो पर तम्बाकू उत्पादों के विक्रय व सेवन पर रोक लगाने के लिए अधिक से अधिक चालान कार्यवाही की जानी है। इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर घनश्याम शर्मा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुल कुमार,अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) राहुल सैनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी (एनटीसीपी) नीरजा कुंतल, सामाजिक कार्यकर्ता पुरूषोत्तम शर्मा एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बांके बिहारी मंदिर में अन्नकूट का आयोजन हुआ

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर के किले स्थित बांके बिहारी मंदिर में अन्नकूट का आयोजन हुआ। करीब 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने अन्नकूट की प्रसादी ग्रहण की, जमीन पर पंगत लगाकर प्रसादी की व्यवस्था की गई। जो लोग जमीन पर नहीं बैठ पाते, उनके लिए टेबल कुर्सी की व्यवस्था की गई। बांके बिहारी मंदिर में सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए। श्री बांके बिहार मंदिर विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीश कुमार सिंघल ने बताया कि ट्रस्ट की तरफ से 23 वां अन्नकूट महोत्सव किया गया है। इस बार 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी बनवाई थी। एक बार में 1400 लोग यहां प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। सुबह 11 बजे से प्रसादी का कार्यक्रम शुरू कर दिया गया था। सभी लोगों ने इस कार्यक्रम में बहुत सहयोग किया। कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरे तरह से मुस्तैद रहा। बिहारी जी को 56 भोग का प्रसाद लगाया गया। कल 56 भोग का प्रसाद श्रद्धालुओं में बांटा जाएगा। आज 20 हजार से ज्यादा लोग प्रसादी ठाहण कर चुके हैं। हल्की बारिश का मौसम है। ट्रस्ट की तरफ 2003 से अन्नकूट महोत्सव करवाया जा रहा है। 60 हलवाइयों ने मिलकर 140 क्विंटल प्रसाद बनाया है। प्रसाद बनाने का काम कल से ही शुरू कर दिया गया था। प्रसाद के लिए 350 मन कच्ची सामग्री लाई गई थी। बारिश के कारण कम लोग प्रसादी ग्रहण करने पहुंचे।

### प्रो. डॉ. रामकृष्ण शर्मा लोहागढ़ साहित्य मनीषी उपाधि से सम्मानित

**भरतपुर ( निस )।** प्रोफेसर डॉ. रामकृष्ण शर्मा शिक्षाविद् के अवतरण दिवस पर राजस्थान जनसांस्कृतिक परिषद की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। परिषद के प्रांतीय सचिव राजेंद्र अनुरागी एवं जिला सचिव लोकेश सिंघल ने उनके निवास पर पहुँचकर शॉल, अंगवस्त्र एवं लोहागढ़ साहित्य मनीषी की उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर उन्हें पुस्तक लोहागढ़ साहित्य सुमन भी भेंट की गई, जिसमें प्रोफेसर डॉ. शर्मा की रचनाओं के साथ राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों के 61 साहित्यकारों एवं कवियों की रचनाएं प्रकाशित की गई हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र हरि, श्याम सिंह जघीना, दिलीप गुप्ता, देवेंद्र सिंह एवं सी.एस. कृष्णा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### अंतर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**हिंडौन सिटी** (निसं)। समीपवर्ती ग्राम कांचरोली स्थित भगवान महावीर महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल महिला एवं पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन समारोह सोमवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भगवान महावीर शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी ने की। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मीणा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम में समिति के वाइस प्रेसिडेंट राजेंद्र चतुर्वेदी, शिक्षाविद छगनलाल गुप्ता, सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक एवं खेल विशेषज्ञ महेंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र जोशी सहित हेमराज सिकरौदा, मधुसूदन शर्मा, सौरभ चतुर्वेदी, विपिन शुक्ला, हब्बू सिंह, दौलत गोस्वामी, तेजस गोस्वामी आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि विजेंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों से खेल की भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने कौशल और अनुशासन का परिचय देने का आ ान किया। मुख्य वक्ता राजेश मीणा ने कहा कि खेलकूद युवाओं के जीवन में धैर्य, अनुशासन और संस्कार विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। वहीं अध्यक्षता कर रहे दयाल सिंह सोलंकी ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि जीवन में शिक्षा और संस्कार भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर नेशनल अंपायर देवी सहाय शर्मा एवं कुलदीप झाला का आयोजन समिति की ओर से माल्यार्पण कर सम्मान किया गया । प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक प्रियाकांत बेनीवाल ने बताया कि पुरुष वर्ग में निर्मल महाविद्यालय हिंडौन सिटी ने राजकीय महाविद्यालय कोटा को 10-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान बनाया, जबकि महिला वर्ग में रामदुलारी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय ने भगवान महावीर महाविद्यालय को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। निर्णायक मंडल में नेशनल एम्पायर देवी सहाय शर्मा, कुलदीप झाला, विशाल चौधरी, कमलेश शर्मा, निष्कर्ष जोशी, जयकुमार जोशी और भगत सिंह बेनीवाल ने अपनी भूमिका निभाई। वहीं जिला सॉफ्टबॉल संघ के सचिव सियाराम चौधरी एवं कोषाध्यक्ष अशोक सोलंकी ने खिलाड़ियों से परिचय कर मैचों का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों में जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिला तथा दर्शकों ने शानदार खेल प्रदर्शन पर तालियां बजाकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

### मेडिकल कॉलेज भर्ती निरस्तीकरण व पुनः प्रक्रिया की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**भरतपुर ( निस )।** जगन्नाथ पहाड़िया मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को 'हाल ही में कॉलेज के माध्यम से संपन्न हुई फार्मासिस्ट, पैरामेडिकल एवं नर्सिंग भर्ती' को निरस्त करवाने तथा पूर्व यूटीबी/संविदा कर्मचारियों को वरीयता देते हुए पूर्ण पारदर्शिता के साथ पुनः भर्ती प्रक्रिया करवाने की मांग को लेकर पूर्व यूटीबी फार्मासिस्ट "दिव्य अग्रवाल" के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य "अजय कुकरेजा" ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि ज्ञापन को उचित कार्रवाई हेतु "राजमेस" को भेजा जा रहा है। ज्ञापन देने के दौरान "मयंक लवानिया, देवव्श शर्मा, नवीन गौड़, दीपक, आलोक, जयंत" सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक

■ **जनसुनवाई व रात्रि चौपालों में प्राप्त प्रकरणों व 90 दिन से लंबित चल रहे परिवादों का निर्धारित समय सीमा से पूर्व निस्तारण कर आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित करें**

**करौली ( निंस. )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने बजट घोषणाओं से संबंधित विभिन्न कार्यों की विभागवार समीक्षा की और समय से कार्यों को पूर्ण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये। जिला कलक्टर ने कहा कि समस्त अधिकारी राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त कार्यालय, मानवाधिकार आयोग कार्यालय, संभागीय आयुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, जनसुनवाई व रात्रि चौपालों में प्राप्त प्रकरणों एवं 90 दिन से लंबित चल रहे परिवादों का निर्धारित समय सीमा से पूर्व निस्तारण कर आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक के दौरान कृषि, सड़क, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग, नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों की स्वच्छता, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अन्तर्गत निर्माणाधीन, नए स्वीकृत एवं प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ को स्क्रब टाईफस, डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम हेतु मच्छररोधी गतिविधियाँ, फॉगिंग आदि करवाने, सरकारी अस्पतालों व दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखने तथा मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु जनजागरूकता बढ़ाने, सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में उच्चस्तरीय सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिससे आमजन निजी अस्पतालों से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को तरजीह दे सकें।

उन्होंने पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता को जिले में निर्बाध रूप से पेयजल की आपूर्ति के निर्देश प्रदान किये। जिससे जिले में आमजन को पेयजल से संबन्धित किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। वहीं शहर एवं गांवों के दूरस्थ एवं बाधित जलापूर्ति क्षेत्रों में उपलब्ध कराये जाने वाले पेयजल के नियमित परिवहन एवं निर्बाध आपूर्ति को भी प्राथमिकता देने के लिए अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया।

जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता रूपसिंह गुर्जर को विद्युत की सुचारू आपूर्ति के लिए जरूरी उपकरणों की कार्यशीलता एवं सुरक्षा को नियमित निगरानी के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीडी शर्मा, पशुपालन के संयुक्त निदेशक डॉ. गंगासहाय मीणा, सूचना जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेडिकल कॉलेज का शोध कार्य प्रतिष्ठित जर्नल न्यूरोक्वांटोलॉजी मे हुआ प्रकाशित

**करौली( निंस. )।** मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ संकाय सदस्यों असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रेमराज मीना(मनोचिकित्सा), डॉ जीतेन्द्र मीना(चर्म रोग), डॉ शिशुपाल मीना(मेडिसिन) द्वारा किया गया शोध कार्य( सिस्टेमिक रिव्यू) उच्च स्तरीय न्यूरोक्वांटोलॉजी जर्नल मे प्रकाशित हुआ है। उन्होने बताया कि ताज़ा प्रकाशित शोध पुराने त्वचा रोगों का मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता से पता चलता है की युवाओं एवं व्यस्को मे पुराने त्वचा रोगों जैसे सोरायसिस, एटॉपिक डर्मेटाइटिस, विटिलेगो आदि का मानसिक स्वास्थ्य एवं जीवन की गुणवत्ता पर गहरा असर पड़ता है, जिससे अवसाद (16-30 प्रतिशत), चिंता (30 प्रतिशत तक), और आत्महत्या की प्रवृत्ति (खासकर किशोरों में मुँहासे और वयस्कों में सोरायसिस में) जैसे मनोवैज्ञानिक प्रभाव होते हैं। त्वचा रोगों के शारीरिक लक्षणों के कारण लोग सामाजिक गतिविधियों और रिश्तों से कतराते है जिससे सामाजिक अलगाव और जीवन की गुणवत्ता में कमी आती है। त्वचा रोगों के मनोवैज्ञानिक प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इन बीमारियों के इलाज के लिए त्वचा विशेषज्ञों, फिजिशियन और मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों के बीच एक एकीकृत, बहु-विषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। भविष्य में मनोवैज्ञानिक परिणामों को शामिल करने वाले अधिक दीर्घकालिक अनुसंधान की आवश्यकता है।

## गुमानो माता को लगाया अन्नकूट का प्रसाद

**करौली ( निंस. )।** करौली के चिकना फर्श स्थित गुमानो माता के मंदिर में अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। गुमानो माता के भक्त कैलाश शर्मा हरदेनिया ने बताया कि रविवार को चिकना फर्श स्थित निवास पर बने माता के मंदिर में अनुकूट का प्रसाद लगाते हुए छप्पन भोग की झांकी सजाई गई बही मंदिर को सुगंधित पुष्पों से सजाते हुए आकर्षक सजावट की गई वहीं छप्पन भोग का प्रसाद एवं अनुकूट प्रसादी में कड़ी ,चावल, बाजरा,चपाती, मिक्स सब्जी का भोग लगाया।

## संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ

**हिंडौन सिटी( निसं )।** जाट की सराय के प्राचीन कल्याण रायजी मंदिर में संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ पर सोमवार को टीका कुंड हनुमान मंदिर से बैंड बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में स्वामी हरिद्रानंद सरस्वती, पतंजलि पीठ करौली के स्वामी प्रभव देव ,कथा प्रवक्ता पंडित, महावीर प्रसाद भारद्वाज, घोड़ा बग्गी में सवार थे। कल्याण रायजी मंदिर के मंहत पंडित गणेश दत्त शास्त्री भागवत ठांथ लेकर चल रहे थे। कलश पूजन के बाद शुरू हुई कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर जल कलश लिए हुए भजनों पर नृत्य करती हुई चल रही थी। बयाना रोड स्थित टीका कुंड हनुमान मंदिर से बैंड बाजों के साथ शुरू हुई कलश यात्रा मनीराम पार्क,पंजाबी समाज सत्संग भवन, केशव मार्ग, शीतला चौराहा होते हुए कथा स्थल कल्याणरायजी मंदिर पहुंची।

## मौसम में आए बदलाव के बाद ठंड का रहा असर, दिनभर रहा हल्की बारिश का दौर

■ **मौसम में यलो अलर्ट जारी, किसानो के खिले चेहरे**

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** सोमवार सुबह मौसम का मिजाज बद लगया। आधी रात से ही आसमान में घने काले बादल छाए रहे और अलसुबह से रुक-रुक कर हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी है। तापमान में गिरावट होने से सर्दी का असर बढ़ गया गया। सुबह के समय शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में हल्की ठंडक के साथ लोगों ने दिन की शुरुआत की। सड़क और बाजारों में लोग स्वेटर और जैकेट पहनकर निकलते नजर आए। बच्चों और बुजुर्गों में मौसम के प्रति उत्सुकता के साथ-साथ सर्दी का असर भी देखा गया। मौसम विभाग के अनुसार, गंगापुर सिटी में अगले 24 घंटे तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। शहर में अलसुबह शुरू हुई बूंदाबांदी का दौर दिनभर जारी रहा। हल्की बारिश के साथ ही क्षेत्र में हल्की धुंध भी छाई रही, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। बारिश से पहले ही गंगापुर सिटी का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे था। सोमवार की बारिश के बाद यह एक डिग्री और गिरकर 19 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों ने आने वाले दिनों में तेज सर्दी बढ़ने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने रविवार को ही गंगापुर सिटी सहित जिले में दो दिन के लिए येलो अलर्ट जारी किया था। इसके बाद रात से ही आसमान में बादल छाए हुए थे और हवा में नमी बढ़ गई थी। विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में बारिश के और दौर देखने को मिल सकते हैं, जिससे तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। शनिवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। किसानों के लिए वरदान बनी यह बारिश: बारिश जहां आमजन को ठंडक का एहसास दिला रही है, वहीं किसानों के लिए यह मौसम राहत लेकर आया है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यह हल्की बारिश रबी सीजन की फसलों के लिए वरदान साबित होगी। मिट्टी में नमी बढ़ने से बुवाई की तैयारियां आसान होंगी और फसलों की शुरुआती वृद्धि पर सकारात्मक असर पड़ेगा। जलवायु परिवर्तन का असर, बदल रहा मौसम का पैटर्न: मौसम विशेषज्ञों ने कहा कि अक्टूबर के अंत में इस तरह की बारिश जलवायु परिवर्तन का संकेत है।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

**करौली( निंस. )।** करौली-धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव ने कहा कि अधिकारी केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएँ एवं आमजन जागरूक रहकर योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विकास कार्य गाईडलाईन के अनुसार एवं गुणवता के साथ पूर्ण किये जाए।

सांसद सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने बैठक में सानिवि के अधिकारियों को रोड निर्माण करवाने, वन क्षेत्र में आने वाली सडकों के संबंध में वन विभाग से एनओसी लेकर संकेतक लगवाने, हिण्डौन में सडक के कार्य को दिसम्बर तक पूर्ण करने, सीआरएफ कार्यों के टैंडर करवाने, मैंटनेंस कार्य पूर्ण करने, बजट घोषणाओं की समय पर क्रियान्विति पूर्ण करने, बाईपास के संबंध में मार्गदर्शन लेने, पुलिया के प्रस्ताव बनाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कार्य समय सीमा मे पूर्ण हो व गांव व ढाणियों में रह रहे आमजन को केन्द्र सरकार की मंशानुसार समय सीमा मे पेयजल उपलब्ध हो और यह भी सुनिश्चित करें कि पेयजल लाईन बिछाते समय गांव व शहरों मे सडक क्षितग्रस्त होने पर उसकी शीघ्र ही मरम्मत करवायें जिससे आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पडे। नगर परिषद के अधिकारी को समय पर साफ सफाई करवाने, हिण्डौन व मण्डरायल में पीएम आवास योजना के कार्य सूची उपलब्ध करवाने, पट्टे दिलवाने, रोड लाईट ठीक करवाने, एवं नियमानुसार भुगतान करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को पेंशन, पालनहार, छात्रवृति व सिलिकोसिस मरीजों को दी जाने वाली सहायता राशि नियमानुसार जारी करवाने के निर्देश दिये। कृषि विभाग के अधिकारी को फसल खराबा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में मुआवजा दिलवाने, आरडीपीआर को नरेगा का भुगतान करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने एमपी फंड से कार्य करवाने, विद्युत विभाग के अधिकारी को बिजली की समुचित सप्लाई बनाये रखने, बकाया कृषि व घरेलू कनेक्शनों को शीघ्र ही जारी करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होने जिन स्कूलों में कमरां की आवश्यकता है वहां उचित प्रस्ताव तैयार कर एमपी फंड से राशि जारी करवाकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये। इसके साथ साथ विभिन्न योजनाओं के संबंध मे बिन्दुवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सकारात्मक रूप से कार्य करने के दिशा-निर्देश भी प्रदान किये। बैठक में टोडाभीम विधायक घनश्याम महर ने तिमावा से हिण्डौन की सड़क मरम्मत करवाने, गुढाचंद्रजी व नादौती में पेचवर्क करवाने, जेजेएम के तहत खराब हुई सडकों को ठीक करवाने सहित अन्य संबंधित मुद्दो पर चर्चा की। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने केन्द्र व राज्य की कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने एवं शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिये जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया।

## हॉकी राजस्थान की बैठक आयोजित

**करौली ( निंस. )।** भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हॉकी राजस्थान की वार्षिक साधारण सभा की बैठक का आयोजन करौली की सिद्धि विनायक होटल में किया गया।

हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष अरुण सरस्वत ने बताया कि भारत के राष्ट्रीय खेल हॉकी के 7 नवंबर 2025 को बेमिसाल 100 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण देश के लगभग 7800 खेल मैदानो पर एक साथ हॉकी मेचौ का आयोजन किया जाएगा जो एक नया विश्व रिकॉर्ड होगा तथा इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष अरुण सारस्वत एवं महासचिव मित्रनंद पूनिया ने साधारण सभा की बैठक को संबोधित करते हुए राज्य के सभी जिलों से आए हुए हॉकी संघ के अध्यक्ष,सचिव एवं हॉकी राजस्थान के पदाधिकारीयो का अभिनंदन किया। सारस्वत ने आगामी सत्र में वर्ष भर में होने वाले हॉकी प्रतियोगिताओं के स्थान निर्धारण की कार्यवाही की इस अवसर पर प्रदेश के 30 जिलों के हॉकी संघ के अध्यक्ष, सचिव एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करौली जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल एवं विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि विश्वेंद्र सिंह रहे।

अतिथियों का माला,साफा,दुपट्टा पहनाकर एवं मोमेंट भेट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक सोनबाल ने हॉकी खेल के बारे में विस्तृत बताया एवं भविष्य में खेलों के विकास के संबंध में जब भी कोई आवश्यकता जरूरत महसूस हो तो उसके लिए सदैव तत्पर रहने के लिए भरोसा, विश्वास दिलाया ऐसे ही विधायक प्रतिनिधि विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि करौली जिले में खेलों के विकास सहित संपूर्ण प्रदेश में खेलों के विकास हेतु करौली विधायक सदैव खेल संघ के साथ हैं एवं हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने बताया कि यह हमारे संपूर्ण देशवासियों के लिए बहुत गौरव का और हर्ष का विषय है कार्यक्रम का मंच संचालन प्रमुख समाज सेवी पार्षद प्रतिनिधि बबलू शुक्ला ने किया कार्यक्रम समापन पर हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष अरुण सारस्वत एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह शेखावत सहित उपाध्यक्ष डॉ आरती सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रदेश पदाधिकारी का धन्यवाद आभार व्याप्त किया।

## भागवत कथा में उमडा जन सैलाब

**गंगापुर सिटी( निसं)।** स्थानीय कुशालगढ़ खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में बंसल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में अपार भीड़ कथा का आनंद ले रही है। भागवत कथा जीवन को उचित मार्गदर्शन और ईश्वर के प्रति प्रेम और भक्ति का संदेश देती है। कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित अशोक दीक्षित ने बताया जीवन में अभाव और अशांति के साथ एकाकीपन बढ़ रहा है जो असुरक्षा और अशांति उत्पन्न कर रहा है। भागवत कथा के महत्व को बताते हुए आचार्य ने कहा की ईश्वर की भक्ति और प्रेम जब कामना युक्त होते हैं तो वह स्वार्थ बन जाते हैं, जबकि निस्वार्थ निष्काम स्वार्थ रहित ईश्वर प्रेम ही भक्ति का आनंद प्रकट करता है। मनुष्य अपने अभाव और कष्ट का कारण जब तक दूसरों को मानेगा तो कभी सुखी नहीं हो सकता ।

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** पेयजल संकट को लेकर शनिवार को विधायक के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और आमजन ने मिनी सचिवालय के सामने धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौपा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि शहर और ग्रामीण इलाकों में लंबे समय से नियमित जलापूर्ति बाधित है। लोगों को पानी खरीदने या निजी स्रोतों पर निर्भर रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। वक्ताओं ने बताया कि वर्ष 2005 में शुरू हुई चंबल-नादौती-गंगापुर पेयजल परियोजना आज तक अधूरी है, जबकि इसे 2008 तक पूरा होना था। विभागीय उदासीनता, ठेकेदार की लापरवाही और प्रशासनिक अनदेखी को परियोजना में देरी का कारण बताया गया। इस परियोजना पर अब तक 450 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हो चुके हैं, लेकिन क्षेत्रवासी अभी भी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। विधायक ने 22 अक्टूबर को परियोजना स्थल का निरीक्षण किया था, जहां काम पूरी तरह बंद पाया गया। उन्होंने इसे प्रशासनिक तंत्र की बड़ी विफलता करार देते हुए तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग की। विधायक ने कहा, जनता अब आश्वासनों से नहीं, बल्कि वास्तविक समाधान की अपेक्षा कर रही है। सरकार को अब जवाब देना होगा। धरने के बाद प्रदर्शनकारी मिनी सचिवालय परिसर में पहुंचे और खाली मटकी फोड़कर विरोध जताया। इस दौरान उन्होंने सरकार और संबंधित विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ज्ञापन में चंबल-नादौती-गंगापुर योजना को तत्काल प्राथमिकता से पूरा करवाने, संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार पर कार्रवाई करने और अंतरिम व्यवस्था के तहत नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और आमजन मौजूद रहे। वहीं आमजन में प्रशासन के प्रति इतना आक्रोश था कि बरसात में भी पुरूष ही नहीं महिलाऐ भी बच्चो के साथ धरना स्थल पर डटे रहे।

### शराब ठेकेदारों द्वारा धड़ल्ले से चला रखा है ओवररेटिंग का खेल

**भुसावर भरतपुर ( निस )।** कस्बे सहित ग्रामीण अंचल में शराब के ठेकेदारों द्वारा प्रिन्ट रेट ओवर कीमत वसूल की जा रही है। बीस रुपए से लेकर सौ ढेड़ सौ अधिक होती है। अगर कोई ग़लती से विरोध करता है तो इनके सैल्समैन झगड़े पर उतारू हो जाते हैं और स्पष्ट शब्दों में कहते हैं कि हम उपर मंथली देते हैं तुम कहीं भी शिकायत कर दो हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड सकता है। ग्रामीण अंचल में तो ओर भी बुरी स्थिति है। नियमों को ताक में रखकर दुकान के बग़ल में एक और दुकान लेकर रात्रि के 8 बजे के बाद भी खुलेआम अधिक कीमत लेकिन शराब परोसी जाती हैं जो अपराध को बढ़ावा देती है।गली गली-गली मोहल्ले में परचून की तरह बिक रही है शराब। शराब कारोबारियों के हौंसले काफी बुलन्द है। इनको प्रशासन का बिल्कुल भी भय नहीं है। यह सारा खेल मंथली का। प्रतीत होता है।

### एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन कल

**करौली** (निंस.)। जिला रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान से प्राप्त निर्देशानुसार कौशल रोजगार एवं उद्यिमता विभाग करौली के द्वारा 29 अक्टूबर बुधवार को प्रातः 10:30 बजे से जिला मुख्यालय पर पुरानी कलेक्ट्रेट के पास स्थित डाईट के परिसर में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें कुछ निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा युवाओं को रिक्त पदों के लिये चयनित किया जायेगा। इस दौरान विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के द्वारा काउन्टर लगाये जाकर युवाओं को उनके द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्वरोजगार योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन भी प्रदान किया जायेगा। सहायक निदेशक ने बताया कि इच्छुक युवा अपनी शैक्षिणक योग्यता के लिये अंकतालिका, जन्मतिथि प्रमाणीकरण के लिये 10वीं की अंकतालिका या स्कूल की टीसी, निवास सम्बन्धी प्रमाण के लिये आधारकार्ड या मूलनिवास प्रमाणपत्र एवं पासपोर्ट साइज की 4-5 फोटो के साथ में शिविर स्थल डाईट परिसर पुरानी कलेक्ट्रेट सर्किल के पास करौली में उपस्थित रहकर अवसर का लाभ उठा सकते है।

### बारवर एसोसिऐशन के तत्वावधान में हुआ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** जिला बारवर एसोसिऐशन के तत्वावधान में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन को सैन छात्रावास शिव नगर सिंघल आयल मिल के पीछे सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभूदयाल सैन ने की, संचालन लक्ष्मी नारायन सैन पूर्व जिलाध्यक्ष ने किया। आयोजन में सर्वप्रथम नारायणी माता व सैन महाराज की कैलाशगिरी महंत द्वारा पूजा अर्चना की गई एवं इस आयोजन का शुभारम्भ किया गया। कर्यक्रम में शामिल राजा सहनावली सैन महासभा उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार सैन जिला बारवर एसोसिऐशन अध्यक्ष ने सभी का आभार प्रकट किया। उपाध्यक्ष गिरधारी लाल सैन, कोषाध्यक्ष दौलतराम सैन, सचिव चन्द्रपाल सैन, सतवीर सिंह मंहगाया, विष्णु सिंह सैन, अमर सिंह सैन बंटी, विजय सिंह सैन, बच्चू सिंह खटौटी, मुन्ना लाल सैन, छीतर सिंह सैन, हरीराम बगधारी, घनश्याम वनाफल, बदन सिंह सैन, शिव कुमार सैन, हेमन्त लाला, चंदन सिंह जघीना, हरी सिंह जघीना, शिव सिंह, रूपकिशोर सैन शहर अध्यक्ष, राधेश्याम सैन नगला परशुराम, योगेश सैन, जीतू सैन, विजय सिंह सैन, गोपेश सैन, सुरेश सैन बरिघा, समस्त बारवर एसोसिऐशन के सदस्यों ने एवं समस्त सैन समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने इस मौके पर प्रसादी ग्रहण की एवं समस्त सैन समाज के लोग हजारों की संख्या में शामिल हुए।

### दीपावली में दमके स्कूल, पहली बार विद्यालयों के आंगन में जले दीप

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर में इस बार दीपावली के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र गोपालिया के निर्देशन में सरकारी स्कूलों में सफाई पेंटिग, रांगाई पुताई के अलावा लाइटिंग के साथ साथ दीपमाला एवं दीपक जलाकर आकर्षक रोशनी करते हुए दीपोत्सव पर्व मनाया गया जिससे सरकारी स्कूलों में रौनक दिखाई दी। जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार गोपालिया, ने बताया कि निदेशक माध्यमिक शिक्षा के निर्देश पर जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में साफ-सफाई व कलर कोड के अनुसार रंगाई-पुताई का कार्य कर पांच दिवसीय दीपोत्सव के उपलक्ष्य में सभी राजकीय विद्यालयों में दीपमाला एवं दीपक लगाकर दीपोत्सव मनाया गया। इसकी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों की ओर से सतत निगरानी की गई। जिले के सभी संस्था प्रधानों की ओर से पांच दिवसीय दीपोत्सव में सराहनीय कार्य किया। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट की ओर से जारी किए आदेश में कहा था कि जिन स्कूलों के पास विद्यार्थी विकास कोष में पर्याप्त राशि है, वे सफाई, पेंटिंग और सौंदर्याकरण पर 15 हजार से लेकर 2 लाख रुपए तक खर्च कर सकेंगे। यह राशि प्रवेश शुल्क एवं परीक्षा शुल्क आदि से बनी निधि से खर्च की गई। इस निर्देश का असर इस बार प्रदेश के स्कूलों में नजर आया। स्कूलों ने न केवल दीवारों की रंगाई-पुताई कराई, बल्कि प्रवेश द्वारों और नाम पट्टिकाओं को भी नया रूप दिया। कई जगह मुख्य द्वारों पर रोशनी की झालरें और रंगीन बल्बों से सजावट कर दीपावली की रौनक बढ़ा दी गई है। निदेशालय ने इस बार सभी स्कूलों के लिए एक समान कलर थीम तय की थी। इसके अनुसार दीवारें श्प्योर आइवरी यानि हल्के क्रीम रंग की होनी थी, छत सफेद और दरवाजे खिड़कियां श्नट ब्राउन रंग से दमकते नजर आए। शिक्षा विभाग का मानना है कि इस पहल से छात्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

### 'स्वच्छता पखवाड़ा' के तहत सफाई अभियान व शपथ कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** महाराजा सूरजमल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाडा के तहत सफाई अभ्यास कार्यक्रम चलाया गयाद्य कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम से सम्बन्धित उद्देश्यों पर प्रकाश डाल कर की गयी। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि स्वच्छता पखवाडा सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के तहत एक विशेष पखवाडा है, जो स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और सामुदायिक भागीदारी को बढावा देने के लिए मनाया जाता है।